# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बाबा साहेब की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया

विनय उजाला




**उज्जैन, निप्र।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गुरूवार को मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद टॉवर चौक पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री के द्वारा प्रतिमा का अनावरण कर उस पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सांसद अनिल फिरोजिया, बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, सतीश मालवीय, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन नगरी की कई विशेषताएँ हैं। यहां प्रतिमा का अनावरण करते हुए उन्होंने लोकतंत्र की सुंदरता का वर्णन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत देश के निर्माण में हमारे सभी महापुरूषों का अमूल्य योगदान है। बाबा साहेब 20वीं सदी के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने समाज में समता के लिए, सहअस्तित्व के लिए, समान भाव लाने के लिए इस देश के अंदर जो विसंगतियाँ थीं, जो बुराईयाँ थीं, कुरितीयां थीं, उनके विरूद्ध आवाज उठाई और संघर्ष किया। भारत की स्वतंत्रता के पूर्व कई सामाजिक कुरितियों को दूर कर नए विचारों को जन्म दिया। समाज के कमजोर वर्ग को बाबा साहेब ने सशक्त किया और सशक्त कर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने संविधान का निर्माण कर सबको समानता का अधिकार दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महापुरूषों की प्रतिमाओं के साथ भविष्य में किसी तरह की छेड़छाड़ न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा प्रतिमाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं दीं। महापौर मुकेश टटवाल ने कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतिमा का निर्माण 12.50 लाख रूपये की लागत से हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के निर्देश पर प्रतिमा की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एवं प्रतिमा के आसपास के स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विद्युत साज सज्जा भी की गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अयोध्या लड्डू प्रसाद ले जा रहे वाहन को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया

## भारत नेपाल में धार्मिक व मैत्री संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम : मुख्यमंत्री डॉ यादव



**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गुरुवार दोपहर श्री महामृत्यूंजय द्वार समीप श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह लड्डू प्रसाद ले जा रहे वाहन को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। लड्डू प्रसाद श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव, मिथिला नेपाल में वितरण के लिए अयोध्या श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट रवाना किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ डमरूवादन, शंखनाद और वेद ऋचाओं की गूंज से हुआ। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भारत नेपाल के धार्मिक,सांस्कृतिक और मैत्री सम्बन्ध बहुत पुराने हैं। मिथिला नेपाल में भगवान श्री महाकाल का लड्डू प्रसाद वितरण का कदम भारत नेपाल संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव,जनप्रतिनिधि विवेक जोशी, बहादुरसिंह बोरमुंडला, संजय अग्रवाल, मंदिर समिति सदस्य प्रदीप गुरुजी, राजेंद्र गुरुजी, राजेश गुरुजी, राम गुरुजी, संभागायुक्त संजय गुप्ता, एडीजीपी उमेश जोगा, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्रयागराज में इस बार का महाकुंभ होगा प्लास्टिक मुक्त संत समाज ने लिया संकल्प

### सुसनेर से प्रयागराज जाएंगे 500 थैले और थाली, एक थैला एक थाली अभियान का किया शुभारंभ, मूर्त रूप देने के लिए टोलियों का किया गठन, पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान



सुसनेर, निप्र। जनवरी 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस बार का यह कुंभ प्लास्टिक मुक्त कुंभ हो यह संकल्प संत समाज ने लिया है और इसी को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य कर रहा है। शताब्दी वर्ष में संघ पंच परिवर्तन में से एक मुख्य बिंदु पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी पूरे वर्ष भर कार्य कर रहा है। हरित कुंभ 2025 को लेकर संघ के स्वयंसेवको ने तैयारीयां शुरू कर दी है। इसे लेकर गत रात्रि में नवीन बस स्टेंड के समीप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर से 500 थैले और थाली प्रयागराज महाकुंभ में भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। ताकि प्लास्टिक वाला कचरा कुंभ में कम या न के बराबर हो। बैठक में मौजूद सदस्यों ने बताया कि प्रयागराज कुंभ में सम्पूर्ण हिन्दू समाज अपनी भागीदारी करने वाला है। देश-विदेश से 40 करोड़ श्रद्धालु वहां पहुंचने वाले हैं। 45 दिन तक चलने वाले इस कुंभ में प्लास्टिक की वजह से करीब 40 हजार टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान है। इससे पर्यावरण को नुकसान होगा जो चिंता का विषय है। शासन-प्रशासन अपने स्तर पर कार्य करेगा लेकिन हम अपने स्तर पर कैसे इस कचरे को रोक या कम कर सके इसे लेकर एक थाली, एक थैला अभियान चलाया है। इसके तहत थाली और थैला एकत्रित कर प्रयागराज भेजे जाएंगे।

जिन्हें वहां बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर कुंभ में आने वाले यात्रियों को दिया जाएगा। जिससे वे भोजन इसी थाली में करें और सामग्री थैले में रखें। इससे महाकुंभ को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। इस महान संकल्प में अपने शहर का भी योगदान हो इसी उद्देश्य को लेकर बैठक भी आयोजित की गई है।

### बैठक में प्रयागराज से आए पत्रक का किया विमोचन

बैठक में प्रयागराज से आए पत्रक का विमोचन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको ने कार्य योजना बनवाई व इस कार्य के लिए विभित्र टोलियां भी गठित कीं। बैठक में सभी ने आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महाकुंभ को प्लास्टिक के कचरे से बचाने के लिए एक थाली और एक थैला अभियान में सहयोग कर इस पवित्र कार्य में अपना योगदान दें।

### टोलियों का किया गठन

इस अभियान को मुर्तरूप देने के लिए संघ के द्वारा बस्ती सह योजना तैयार की गई है। घट पद्धति के अलावा दो टोलियों का भी गठन किया गया है। जो की केशव बस्ती व माधव बस्ती में जागरूकता अभियान चलाएगी। जिसमें शामिल टोलियां घर-घर जाकर रहवासियों को हरित महाकुंभ 2025 के लिए जागरूक पर्यावरण संरक्षण का आह्वान करेंगे।

# तीन दशक से भूमि पर है कब्जा, खेत में बोई गई गेहूं चने की फसल पर चलाई जेसीबी





वन विभाग ने खिबनी खुर्द कीट्ठ वन भूमि से कब्जा हटाने की कार्रवाई की शुरू

अनिल उपाध्याय

**खातेगांव।** वन विभाग द्वारा की खिबनी खुर्द की वन भूमि पर कब्जा कर खेती किसानी करने वाले लोगों को वन भूमि से बे दखल करने के लिए जेसीबी के माध्यम से कब्जा हटाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

वन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई को रोकने के उद्देश्य कब्जा धारक बारेला समाज के लोगों ने राजनीतिक दलों के नेताओं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पूर्व विधायक कैलाश कुंडल के निवास पर पहुंच कर कार्रवाई में हस्तक्षेप कर मुआवजा उचित न्याय दिलाने की मांग की है। इस संबंध में सभी कब्जाधारी किसानों द्वारा पूर्व विधायक कुंडल को ज्ञापन सोपा। इन लोगों ने बताया कि खिबनी खुर्द में कब्जे की भूमि पर वन विभाग द्वारा जेसीबी चला कर हमारी फसल नष्ट कर भूमि से गड्ढे खोदे जा रहे हैं। हम सभी खिबनी खुद के निवासी होकर यहां पर 30 से 40 वर्षों से भूमि पर कब्जा कर खेती का कार्य करके अपने परिवार का लालन पालन कर रहे हे। हम सभी आदिवासी जनजाति के लोग होकर बरेला जाति के हे। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा हमारे कब्जे की भूमि पर खड़ी गेहूं चने की फसल जेसीबी चलाकर नष्ट कर दी गई ,हमारी मांगे हे कि हमारा कई वर्षों से पुराना कब्ज नहीं हटाया जाए नष्ट की फसल का उचित मूल्य से मुआवजा दिया जाए।

### इनका कहना है

बारेला जाति के आदिवासी समाज के लोगो का 40 वर्षों से भूमि पर कब्जा है। लेकिन उन्हें अभी तक पटा नहीं दिया गया है। उनकी नष्ट फसल का उचित मुआवजा दिया जाए ओर सभी को पट्टा दिए जाना चाहिए उनको न्याय मिलना चाहिए।

**कैलाश कुंडल**
**पुर्व विधायक खातेगांव**

लगभग 40 से 50 हेक्टर वन भूमि पर उक्त लोगों द्वारा कब्जा किया हुआ है ।उन्हें हटाने के लिए बार-बार सूचना पत्र जारी किए गए, इसके बाद इन्हें वन भूमि से हटाने के लिए वन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

**भीम सिंह सिसोदिया**
**रेंजर खिबनी अभ्यारण**

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न, कर्मियों को जल्दी करें पूरा : पटेल

विनय उजाला



**खातेगांव, निप्र।** खातेगांव में जनपद पंचायत शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक में शिक्षा समिति अध्यक्ष मनीष पटेल के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कक्षा 1 से 8 तक के स्कूली बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु जनपद शिक्षा केंद्र खातेगांव मैं सभी जन शिक्ष केंद्रों में क्रॉस मॉनिटरिंग करने का निर्णय लिया गया था।

जिसके अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरणगांव अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का सघन अवलोकन किया गया जिसमें खातेगाँव बीआरसी खातेगांव कैलाश ठाकुर बी ए सी मनोज उपाध्याय, गंगा प्रसाद मालवीय, हरिप्रसाद लोचकर एवं समस्त जन शिक्षकों द्वारा शालाओं का अवलोकन किया गया जिसमें एफ एल एन नेस ओलंपियार्ड, आदि के अंतर्गत संचालित समस्त प्रकार की गतिविधियों एवं शालेय रिकार्ड का अवलोकन किया गया इसके साथ ही शाला भवन परिसर, शौचालय, एमडीएम कक्ष आदि की साफ सफाई, एवं बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु टीम द्वारा अवलोकन किया गया जिन स्कूलों में किसी प्रकार की कमी पाई गई उनके प्रधानाध्यापक तथा कार्यरत शिक्षकों को उक्त कमियों में शीघ्र सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया अवलोकन के पश्चात शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रतनपुर में शिक्षा समिति अध्यक्ष मनीष पटेल एवं बीआरसी एवं जन शिक्षकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निरीक्षणदलों द्वारा विभिन्न स्कूलों में किए गए निरीक्षणों की समीक्षा की गई एवं जिन स्कूलों में कमियां पाई गई उनके सुधार हेतु बीआरसी बीएसी, एवं जनशिक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए इस अवसर पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रतनपुर के पूर्व दो छात्रों का एमबीबीएस में चयन होने पर शिक्षा समिति अध्यक्ष एवं बीआरसी बीएससी तथा जन शिक्षक मोहन बारवाल एवं जयनारायण पंवार द्वारा प्रधान अध्यापक हरिओम गोयल व समस्त स्टाफ का पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया साथ ही एकीकृत शाला रतनपुर में अध्ययन कर रहे बच्चों में टॉप स्टडी करने वाले बच्चों का भी समिति एवं बीआरसी टीम द्वारा पुष्प माला से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भुजराम सिटोले द्वारा शाला परिसर में सौंदर्य करण हेतु पेवर्स ब्लॉक ग्राम पंचायत लकड़नी की सरपंच श्रीमती, रखीता सिटोले का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया।

## श्री खेड़ापति हनुमान मठ मन्दिर के शिखर पर सदियों बाद स्वर्ण कलश की 108 पदार्थ व द्रव्यों से अभिषेक हुई स्थापना

# सुंदरकांड के बाद शाम को हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन







विनय उजाला

**सुसनेर, निप्र।** नगर में पहली बार सनातन धर्मावलम्बियों की आस्था के केन्द्र श्री खेडापति हनुमान मठ मंदिर में सदियों एवं सैकड़ो सालों बाद जन सहयोग से 7 लाख रूपये की अधिक की लागत से निर्मित स्वर्ण कलश की स्थापना बुधवार को मन्दिर के शिखर पर हुई। स्वर्ण कलश की स्थापना करने हेतु 5 दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका प्रारम्भ 16 नवम्बर को हुआ था। जिसका समापन बुधवार 20 नवम्बर को स्वर्ण कलश की स्थापना एवं अन्नकूट महोत्सव से हुआ। इसके चलते चोथे दिन मंगलवार को स्वर्ण कलश का 108 पदार्थ व द्रव्यों से हुआ अभिषेक किया गया था। यहां पर यह सारी धार्मिक क्रियाएं यज्ञाचार्य पंडित वेदप्रकाश भट्ट, पण्डित गोविंद शर्मा एवं मठ के पुजारी गोविंद गिर के द्वारा सम्पन्न करवाई गई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रृद्धालुओ ने आहुतियां भी दी। बुधवार को विधिविधान से स्वर्ण कलश की स्थापना मंदिर के शिखर पर की गयी। इस अवसर पर सालो से चली आ रही परम्परा का निवर्हन करते हुएं अन्नकूट महोत्सव का भी आयोजन किया गया। इस दौरान खेडापति हनुमानजी का चोला चढाकर के आकर्षक श्रृंगार किया कर 56 भोग लगाया गया। मंदिर को आकर्षक विद्युत रोशनी व फूलो से सजाया गया। मंदिर समिति के सानिध्य में सुबह साढे 11 बजे श्रीराम सेवा सुंदरकांड समिति के गंगाराम टेलर, लखन भावसार, प्रदीप बजाज, अभिषेक गहलोत, पवन पंचोली आदि सदस्यों के द्वारा संगीतयम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। फिर शाम चार बजे महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें मठ समिति के अध्यक्ष रामसिंह कांवल, मार्केटिंग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह कॉंवल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी टेकचंद गहलोत, अशोक कंठाली, राधारमण लड्डा, गोविंद राठौर, रामु सोनी, संजय तिवारी, कैलाश जायसवाल, गोपाल माली, घनश्याम अग्रवाल, मुकेश जगताप आदि ने हनुमानजी की महाआरती में भाग लिया।

### हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की

बता दें कि खेड़ापति हनुमान मंदिर में वर्ष 1954 से अन्नकूट महोत्सव किया जा रहा है। शुरुआत में अन्नकूट महोत्सव की शुरूआत में चंद ब्राह्मणों को भोजन करवाया जाता था। नगर के सेठों के द्वारा इस तरह के आयोजन की शुरूआत की गई थी। अब इस आयोजन में नगर के सभी हिन्दू समाजजन शामिल होकर भगवान की प्रशादी ग्रहण करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नागदा प्लेटफार्म पर 18 घंटे तक बुजूर्ग की लाश पड़ी रही

**नागदा जं, निप्र।** प्लेटफार्म नंबर 3 पर लगभग 18 घंटे तक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी रही। गुरुवार की सुबह जीआरपी और आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पीएम के बाद जीआरपी ने स्वजनों को शव सुपूर्द किया। दिल्ली-मुंबई के बीच मुख्य जंक्शन की भूमिका अदा करने वाले रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर लगभग 18 घंटे तक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा रहा, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। गुरुवार की सुबह सूचना मिलने पर जीआरपी प्रभारी सुरेश हाटेकर, आरपीएफ की एसआई नेहा घोरमरे फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। सर्चिंग के दौरान बुजूर्ग के पास आधार कार्ड और बीमारी के उपचार वाले दस्तावेज मिले। प्रभारी हाटेकर के अनुसार अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्ती जयराम पिता अम्बाराम उम्र 44 वर्ष निवासी रोहलखूर्द के रुप में हुई। बुजूर्ग के दस्तावेजो पर अंकित मोबाईल नंबर से सम्पर्क किया तो वह नंबर निम्बोदिया के पूर्व सरपंच श्रवण का निकला, सूचना मिलने पर पूर्व सरपंच श्रवण सरकारी अस्पताल पहुंचे। श्रवण ने जीआरपी को बताया कि बचपन काम करने के लिए मेरे पास आया था तभी वह खेत पर काम करता था बीमारी का उपचार कराने के लिए उदयपुर गया था।

### महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट, उज्जैन रैफर किया

**नागदा जं, निप्र।** खेत में बकरी घुसने की बात को लेकर दो पुरुषों ने एक महिला के साथ उसके घर में घुसकर मारपीट की। गंभीर रुप से घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गहन चिकित्सा के लिए उज्जैन रैफर किया। पुलिस ने दो आारोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। गांव कलसी में गेहुं के खेत में बकरी घुसने से नाराज सुल्तान और मेहमुद ने सलमा के साथ उसके घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट से सलमा के सिर में गंभीर चोंट आई। विवाद बढ़ता देख मेहबुब खां बीच बचाव करने के लिए पहुंचा, जिसको भी आरोपियों द्वारा धमकाया गया। सलमा का आरोप है कि मारपीट में उसका मंगलसूत्र भी गायब हो गया। गंभीर रुप से घायल सलमा को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर गहन चिकित्सा के लिए उज्जैन रैफर किया। पुलिस ने मेहबुब खां पिता पीरु खां मसुरी की शिकायत पर सुल्तान खां पिता कादर खां निवासी गांव कलसी, मेहमुद खां मंसुरी के खिलाफ बीएनसी की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) प्रकरण दर्ज किया। अकबर मसूंरी के अनुसार सुल्तान और मेहमुद पैतृक भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है जिसको लेकर आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर विवाद करते है।

### उप-मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजन अर्चन किया



**उज्जैन, निप्र।** उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गुरूवार 21 नवंबर को उज्जैन पहुंचने पर श्री मंगलनाथ मंदिर में भात पूजन कर देव दर्शन किए। इसके बाद आपने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। श्री मंगलनाथ मंदिर में भात पूजन देवेश जोशी ने सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर विजय भारती, मयूर भारती, विशाल राजोरिया आदि उपस्थित थे। मंगलनाथ मंदिर के प्रशासक के.के. पाठक ने उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को दुशाला ओंढाकर सम्मानित किया। इसके बाद उप-मुख्यमंत्री श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन करने के पश्चात सहायक प्रशासक ने उप-मुख्यमंत्री को भगवान महाकाल की तस्वीर, प्रसाद एवं दुशाला ओंढाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात उप-मुख्यमंत्री ने मंदिर के महंत विनीत गुरूजी से भेंट की।

### असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक के सिर में चोट

**नागदा जं, निप्र।** बिरलाग्राम चौराहा पर बुधवार रात सडक़ दुर्घटना हो गई। हादसे में बाइक चालक के सिर में गंभीर चोट आने पर वह सडक़ किनारे बेहोश पड़ा हुआ था। तभी यहां से गुजर रहे बिरलाग्राम थाने के सब इंस्पेक्टर आनंद सोनी अपनी बाइक से युवक को इलाज के लिए जनसेवा ले गए। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार अंकित डाबी ग्राम सेमलिया थाना नामली जिला रतलाम में रहता हैं। बुधवार को अंकित नागदा अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आया था। बिरलाग्राम चौराहा पर अंकित की बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे अंकित के सिर में गंभीर चोट आई।

### चिकनगुनिया आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर शनिवार को

**उज्जैन, निप्र।** चिकनगुनिया एक वायरस है जो एडीज मच्छर के काटने से रोगी के शरीर में प्रवेश करता है जिससे रोगी को बुखार, जोड़ों में तेज दर्द तथा शरीर पर दाने (रेशेज) निकल आते हैं तथा बुखार ठीक होने के बाद भी रोगी को कई दिनों तक जोड़ों में दर्द बना रहता है। इस हेतु गुरु नानक स्वास्थ्य द्वारा दिनांक 23 नवंबर शनिवार को स्थानीय गुरुद्वारा फ्रीगंज में प्रात: 10 से दोपहर 2:00 बजे तक एक विशेष आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा जिसमें गिलोय, चिरायता, कुटकी एवं अन्य जड़ी बूटियां से निर्मित औषधियों का वितरण किया जाएगा।

### लायंस क्लब द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता

**नागदा जं, निप्र।** लायंस क्लब द्वारा गुरुवार को आदित्य बिरला सीनियर सेकंड्री स्कूल में पीस वीथाउट लिमिट विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्लब अध्यक्ष विरेंद्र मालपानी एवं सचिव आरके यादव के अनुसार प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर झोन चेयरपर्सन लता खेतान, चंद्रशेखर जैन, बद्रीलाल पोरवाल, डॉ. प्रदीप रावल, डॉ. प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शिवपुराण कथा का आयोजन

**नागदा जं, निप्र।** पाल्याकलां स्थित तेजा मंदिर परिसर में डोम में कथावाचक मनमोहन कश्यप के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। प्रतिदिन श्रद्धालु दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक कथाश्रवण का लाभ ले रहे है।

### नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

**रतलाम, निप्र।** जिले में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल नेत्र जांच मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का आयोजन इप्का लैबोरेट्रीज रतलाम एवं अंधत्व निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में 21 नवंबर को प्रात: 10.00 से दोपहर 1.30 तक, 25 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.30 तक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली में 27 नवंबर को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक, 29 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

